JALAUN POLICE

दिनांक – 21.04.2026

आज दिनांक 21.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पुलिस लाइन उरई जनपद जालौन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों—कैश कार्यालय, गणना कार्यालय, गैस गोदाम, शस्त्रागार आदि का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख, सामग्री उपलब्धता, रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा कार्य-संस्कृति का सत्यापन कर संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा तकनीकी इकाइयों—फील्ड यूनिट, रेडियो शाखा, परिवहन शाखा एवं जिला नियंत्रण कक्ष आदि का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उपकरणों की कार्यशीलता, संचार प्रणाली, वाहन स्थिति, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता तथा स्टाफ की तैनाती का परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जहाँ भी कमियाँ पाई गईं, वहाँ संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक एवं दायित्वपूर्ण कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता, उच्च अनुशासन, उत्तरदायित्व, तत्परता एवं जनसेवा-केंद्रित कार्यप्रणाली बनाए रखने के निर्देश दिए।